डायमण्ड कॉमिक्स
D-600
8.00
प्राण
चाचा चौधरी
राका का हमला
मुफ्त
इस कामिक्स के साथ 3/- मूल्य
सुपर जैट स्टिकर

कार्टूनिस्ट प्राण

यह कॉमिक कार्टूनिस्ट प्राण की विभिन्न रचनाओं में से एक है. प्राण का जन्म कसूर नामक छोटे से कसबे में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है. विभाजन के बाद उनका परिवार ग्वालियर आकर बस गया. एम.ए. (राजनीति) और बम्बई में फाइन आर्ट्स का अध्ययन करने के बाद उनका कार्टूनिंग कैरियर 1960 में दैनिक मिलाप, नई दिल्ली से शुरू हुआ.

उन दिनों विदेशी कॉमिक स्ट्रिप्स का पूरे भारत में एकाधिकार था. प्राण ने इस एकाधिपत्य को समाप्त करने के विचार से भारतीय पात्रों को लेकर स्थानीय विषयों और समस्याओं पर कॉमिक्स बनानी शुरू की. उन्होंने एक आम मध्यम वर्ग की भारतीय गृहिणी को लेकर 'श्रीमतीजी' कॉमिक्स बनाई, जो अब 'मनोरमा' (इलाहाबाद) में प्रकाशित हो रही है. उनके दूसरे चरित्र 'चाचा चौधरी','रमन','बिल्लू', और 'पिंकी',सारे भारत में लोकप्रिय हो चुके हैं.

डायमण्ड कॉमिक्स ने उनकी स्ट्रिप्स को पुस्तकबद्ध करके एक नया आयाम दिया.

1983 में स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्राण की राष्ट्रीय एकता पर बनाई गई कॉमिक्स 'रमन – हम एक हैं' का बिक्री के लिए विमोचन किया. 1982 वर्ष का ठिठोली पुरस्कार इनको देकर सम्मानित किया गया.

प्राण के चरित्रों की अत्यन्त लोकप्रियता का रहस्य है कि वे सीधे सरल हास्य द्वारा पाठकों को भीतर तक गुदगुदा देते हैं. उनके शब्दों में - "अगर मैं टैक्स और मंहगाई के बोझ से दबे भारतीयों को कुछ हंसा सकूं तो अपने मकसद को सफल समझूंगा".

—प्रकाशक

Printed and Published by: NARENDER KUMAR For Diamond Comics (P) Ltd. 2715, Darya Ganj, New



TITLES CHACHA CHAUDHARY AND SABU AND THEIR CHARACTERS ARE COPYRIGHT REGISTERED BY GOVERNMENT OF INDIA FOR THE PROPRIETORS PRAN'S FEATURES, NEW DELHI. REPRODUCTION OF ANY PART OF THIS BOOK IS STRICTLY PROHIBITED. NO ACTUAL PERSON IS NAMED OR DELINEATED IN THIS FICTION COMICS. ANY SIMILARITY TO REAL HUMAN BEING OR PLACE IS PURELY COINCIDENTAL.

क्रीम और बेबी पाउडर यहां मिल जायेगा.
मर्चेन्ट्स
तभी कार इंजिन के स्टार्ट होने की आवाज ने महिला का ध्यान आकर्षित किया.
HOTEL
GARMENTS
STORE
मेरा बच्चा! वह टैक्सी ड्राइवर मेरे बच्चे को लेकर भाग रहा है.
मां की पुकार सुनकर दो नौजवानों ने भागती टैक्सी का पीछा किया.
पकड़ो! पकड़ो!!
पुलिस
उस टैक्सी का पीछा करो!

तभी बच्चा जाग गया.
मुझे रफ़्तार तेज करनी चाहिए.
वाऊ ऊ!!
वाऊ ऊ ऊ!!
आगे रास्ता नहीं, पीछे पुलिस.
सड़क बंद है.
पहाड़ी पर चढ़ना चाहिए.
वाऊ ऊ
TAXI
वह ऊपर गया है. आओ!
POLICE

हैं? आगे पहाड़ खत्म.

वाऊऽ!!

वहीं रुके रहो! अगर कोई भी आगे बढ़ा तो मैं इस बच्चे को नीचे फेंक दूंगा.

वाऊऽ!

अगर इस बच्चे को जिन्दा देखना चाहते हो तो मुझे एक लाख रुपया चाहिए.

वाऊऽ!

मेरा बेटा!

क्यों भाई? पहाड़ पर शोर कैसा?

एक सरफिरे ने बच्चे को बंदी बना लिया और उसकी रिहाई के लिए एक लाख रुपया मांग रहा है.

सवाल बच्चों के भविष्य का ....

डैडी, गौरैया अंडे के छिलके को कहां ले जा रही है!

वह घोंसला साफ कर रही है, दीपा...

जब अंडों में से बच्चे निकल आते हैं तो गौरैया अंडों के छिलकों को घोंसले के बाहर फेंक आती है.

वह क्यों, डैडी?

अंडों के छिलकों से ढक-कर बच्चों का दम घुट सकता है....

या फिर वे बच्चों को चुभ सकते हैं जिससे वे घायल हो सकते हैं....

क्या जरूरी है कि ऐसा हो?

AMRITA BHARATI

जरूरी तो नहीं, पर जब सवाल बच्चों की सुरक्षा का हो तो कोई भी माता-पिता जोखिम नहीं उठाना चाहते....!

अच्छा हुआ जो मैंने अपना जीवन बीमा करवा रखा है. बच्चों के भविष्य के विषय में मैं भी तो जोखिम नहीं लेना चाहता...!

जीवन बीमा का कोई विकल्प नहीं

भारतीय जीवन बीमा निगम

मैं ऊपर जाकर देखता हूं.

मैं पांच मिनट्स देता हूं. अगर तुमने मेरी मांग नहीं मानी तो मैं बच्चे को पहाड़ से नीचे फैंक दूंगा.

मेरा बेटा!

रुको! मैं रकम लाया हूं.

वह बैग खोलता है. करंसी नोट्स देखकर उसकी आंखें चमक उठती हैं.

मुझे अपनी टैक्सी तक जाने के लिए बंदूक चाहिए.

इंस्पेक्टर! बच्चे की जान बचाने के लिए इसके सिवा और कोई चारा नहीं.

यह लो, बंदूक!

जब तक मैं टैक्सी में बैठ न जाऊं, कोई मेरे पीछे न आये.

हो! हो!! आखिर किसी के मन में तो बच्चे के लिए प्यार उमड़ा.

इस बैग में एक लाख रुपये भरे हैं.

अपने बच्चे और बंदूक को संभालो! मैं जा रहा हूं.

और वह डाकू फरार हो गया.

एक जगह.
सर! फिलम का सीन है– आसमान में हेलीकॉप्टर पर विलेन और हीरो की लड़ाई होती है. करंसी नोटों का बैग खुल जाता है और आसमान में सारे नोट बिखर जाते हैं.
डायरेक्टर
इस सीन की शूटिंग के लिए मैंने चाचा चौधरी को नकलीनोट लाने को कहा था. वह आ गया है.
डायरेक्टर
दोस्त! अफसोस है, आज की शूटिंग तुम्हें रोकनी पड़ेगी. मैंने वह नकली नोट एक सरफिरे को दे दिए.
सचमुच चाचा चौधरी का दिमाग कम्प्यूटर से तेज चलता है.

तुम्हारे सारे नोटों की रद्दी के दो रुपये चालीस पैसे बने. बोलो दूं?
उस अपहरण में मेरा दो सौ रुपये का टैक्सी में पैट्रोल फुक गया.
उत्तरी ध्रुव में भूगर्भशास्त्र का अध्ययन करने के लिए एक जहाज ठहरा था.
सर, हमने यहां की भूमि के कुछ नमूने इकट्ठे किये हैं
गुड. इन्हें सुरक्षित रखो. अनुसंधान शाला में इनका परीक्षण करेंगे.
यह बर्फ का टीला अजीब लग रहा है. इसे खोदो.
और टीले की खुदाई शुरू हो गयी.

© PRAN'S FEATURES

मुझे भूख लगी है.

जहाज पर आओ. वहां खाना मिलेगा.

जहाज पर.

बस, सिर्फ एक बेड?

मिस्टर शाका! जहाज पर खाना सीमित है और हमें कई दिन की यात्रा करनी है.

मैं सब कुछ सह सकता हूं, मगर भूखा नहीं रह सकता.

अररर! यह क्या करते हो?

अगर मैं तुम सबको समुद्र में फैंक दूं तो सारा खाना मुझे अकेले को मिल जायेगा.

अहसान फरामोश!

आ-आ ईईई!

नहीं! हमें बख़्श दो!

तुम खुशनसीब हो. जहाज को रशिया की तरफ ले जाने के लिए कोई तो चाहिए.

और जहाज दक्षिण पूर्व को कई दिन तक चलता रहा.

दूर जमीन नजर आ रही है.

राका! हम रशीया महाद्वीप के दक्षिण में पहुंच गये हैं.

यह अच्छी खबर है.

हां, वह हिन्दुस्तान है, जहां मुझे जाना है.

अच्छा, मैं चला. तैरकर किनारे पहुंच जाऊंगा.

चलो, इस खूंखार जंगली से छुटकारा मिला.

लेकिन जाने से पहले राका जहाज में आग लगा गया था.

आह ह! यह क्या?

और कुछ ही क्षणों में जहाज पानी की कब्र में दफ़न हो गया.

हो! हो! हो!

इस शहर के लोगों के ग्रह अच्छे नहीं. क्योंकि मेरा पैर यहां पड़ चुका है.

पहले प्यास बुझा लूं. कई दिनों से मीठा पानी पीने को नहीं मिला.

फुररर
फुर र र!
ओह! किस अनपढ़ गंवार ने मुझ पर पानी फैंका?
तुमने मुझे कोसा? तुम्हारी जिंदगी खत्म होती है.
!?
बचाओ!
लायब्रेरी
वह लायब्रेरी में नहीं आ सकता.

मिस्टर गोडबोले! तुम इस बार किताब बड़ी जल्दी वापस करने चले आये?
वाचनालय
लगता है, भूचाल आया है.
कमरा हिल रहा है.
कड़ ड़ ड़ ड़!
जान बचाओ!

लायब्रेरी
बचाओ!
भागो!
मुसीबत आ गयी!
आह ह!
चूहो! मैं तुम सबको मार डालूंगा.

वह कहां से आ गिरा?
क्रच च!
धपप!
दिल की धड़कन रुक गयी है. बेचारा.
चाचाजी! उस आदमी को जिसने मारा, वह शैतान वह रहा!
राका? लगता है वह उत्तरी ध्रुव से किसी तरह निकलने में कामयाब हुआ.
चाचा चौधरी! साबू! तुम दोनों मेरे पुराने शत्रु हो. मैं तुम्हें भाले में पिरोने जा रहा हूं.
बचाओ!

साबू ने लकड़ी का एक तख्ता उठाया.

राका ने अपने भाले से वार किया.

साबू ने उसे दबोच लिया.

यह लो रस्सा. इस राक्षस के हाथ पैर बांध दो. जब तक यह आजाद रहेगा, दूसरों के लिए मुसीबत बना रहेगा.

आहह! मैं उसे रोकने में कामयाब हुआ.

राका ने पूरी शक्ति से भाले को खींचने की कोशिश की –

ऊहहह!

राका तुम फंस गये!

मुझे छोड़ दो! मुझे छोड़ दो!

मुझे कहां ले जा रहे हो?

साबू ने पुरजोर एक झटका दिया और राका लुढ़कता नजर आया.

आऊऊऊ!

जाओ!

छपाक्क!

© PRAN'S FEATURES

राका गहरे समुद्र में गोते लगाने लगा.

चलो लोगों के सिर से एक भय उतरा.

सिर्फ कुछ समय के लिए.

क्या मतलब?

साबू! राका मर नहीं सकता. क्योंकि उसने वैद्यराज चक्रभाचार्य की अद्भुत औषधि पी रखी है. बंधन खुलते ही वह पानी से बाहर आ जायेगा.

इसका अर्थ हुआ कि राका के अत्याचारों को समाप्त करने का कोई हल नहीं?

निराश न हो. हर समस्या का कोई हल होता है. गुरु सामबोध के पास चलते हैं.

चाचा चौधरी के घर पर.

पटवर्धन! चाचा चौधरी अक्सर घर से बाहर रहता है. अगर चोर आ जाये तो अकेली औरत क्या कर सकती है.

कमचंद! इस घर में चोरी? नामुमकिन.

एक बार चोर ने देखा कि चाची नहाने गयी है. वह किचिन की खिड़की से अंदर घुस गया. तभी लोगों ने देखा कि चोर दर्द से चीखता हुआ बाहर भाग रहा है.

वह कैसे?

चोर के हाथ रसोई में रखे गर्म तवे पर पड़ गये थे.

हा! हा!!

जिस चोर ने अपनी दुर्गति करानी हो, वह चाचा चौधरी के घर में घुसे.

टोपन ! चाची घर खाली छोड़कर बाहर जा रही है. चोरी करने का यह अच्छा मौका है.
और वह कुत्ता — राकेट ?
उसको मैं यह हड्डी देकर खामोश कर दूंगा.
खोटन ! राकेट शाकाहारी है.
उसका भी इलाज है.
लो, यह ब्रेड खाओ !
बाप रे!
भागो!
वाऊ! वाऊ!

कुछ देर बाद चाची लौटती है.
बहन ! जमीन पर ब्रेड पड़ी है. तुम्हारा राकेट उसे खा नहीं रहा ?
कुछ देर पहले मैंने उसे रबड़ी खिलाई थी. सूखी ब्रेड खाकर वह अपना जायका खराब नहीं करना चाहता.
गुरु सामबोध घने जंगल में रहते हैं और कभी शहर की तरफ नहीं आते.
क्या उन्हें जंगली जानवरों से डर नहीं लगता ?
आदमी सबसे अधिक खतरनाक प्राणी है.

गुरू सामबोध

आओ, चौधरी! इसबार तुम बहुत दिनों बाद इधर आये.

जब तक जरूरी न हो, उजाड़ जंगल में कौन आना पसंद करेगा.

थक गये होगे! लो, पेय पीयो.

मैंने ऐसा पेय पहले कभी नहीं पीया.

यह शहद और जड़ी बूटियों से बनाई है. यह फुर्ती और शक्तिदायक है.

अब बताओ, कैसे आना हुआ?

एक बुरे आदमी ने उत्पात मचा रखा है. हम उसे ऐसी जगह बंद करना चाहते हैं जहां से वह निकल न सके.

पुरातन काल में भी राक्षस उत्पात मचाते थे, और ऋषिमुनियों के यज्ञ में विघ्न डालते थे. तब सबको तकलीफ होती थी. मैं तुम्हारी मदद करूंगा.

यह जंगल अभी सभ्यता से वंचित है, इसलिए यहां ऐसे पेड़ हैं जिनकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी.

इस वृक्ष का तना खोखला है. तुम उस राक्षस को इसमें बंद कर दो.

कहीं राक्षा बाहर ना आ जायें?

यह पेड़ जितना जमीन के ऊपर है उससे दो गुना जमीन के नीचे. जो कोई इसके अन्दर गिरेगा वह जमीन में गहरा दबा रहेगा.

फिलहाल राका को समुद्र की गहराइयां नापने दो. जब कभी वह ऊपर आया तो उसे इस पेड़ के तने में धकेल देंगे.

तब तक यह दुनिया सुरक्षित है.

कुछ दिनों तक राका समुद्र में गोते लगाता रहा. उसके पेट में खारा समुद्र का पानी भर गया. लेकिन वह मरा नहीं. क्योंकि उसने अमर करने वाली चमत्कारी दवाई पी थी.

एक बार उसने पुरजोर ताकत लगाई और उसका हाथ बंधन से मुक्त हो गया.

फिर वह तैरकर ऊपर की ओर आने लगा.

भागो! समुद्री राक्षस!

अब्दुल दर्जी

क्यों मियां? क्या तकलीफ है? क्यों आंखें फाड़ रहे हो?

मुझे अपने लिए नये कपड़े सिलाने हैं.

अब्दुल टेलर मास्टर के यहां यह काम नहीं होगा. किसी टैन्ट बनाने वाली फैक्ट्री में जाओ.

क्या कहा? मुझे न सुनने की आदत नहीं.

अरर! अम्मां मुझे छोड़ो. मेरी पसलियां कड़क रही हैं.

अब्दुल की सिलाई मशीन एक बार चलनी शुरू हुई कि फिर नहीं रुकी.
और फिर –
तुम सचमुच एक अच्छे दर्ज़ी हो. कपड़ों की फिटिंग एकदम सही है.
मेरा इनाम!
तुम्हारा इनाम यह है कि मैं तुम्हारी जान नहीं ले रहा.
अब्दुल टेलर मास्टर
कपड़े की कीमत और मेरी मजदूरी दोनों हड़प गये. अल्लाह तुम्हें दोज़ख में डाले.
जब मरूंगा ही नहीं तो दोज़ख में मुझे कौन डालेगा?

da TV
ब्यूटी पार्लर
HOTEL
fast FOOD
SOAP
STORE
रात में शहर बड़ा खूबसूरत लग रहा है.
खतरा
440 वोल्ट
ओह! बिजली की जो तार छिटक कर टूट गयी थी, उससे उसे करंट लगा.
बिजली विभाग

अचम्भा! तुम्हें इतना पॉवरफुल बिजली का करंट लगा, फिर भी तुम जिन्दा हो?
यह तुम्हारी असावधानी की वजह से हुआ. तुम्हें सजा मिलनी चाहिए.
खटाक्!
ईईई!
मैं सारे शहर की बिजली गुल कर दूंगा.

जो तारें शहर को बिजली सप्लाई कर रही थीं उन तक पहुंचने के लिए राका ऊपर चढ़ने लगा.
और राका के भरपूर हाथ से तारें कच्चे धागे की तरह कटने लगीं.
सारा शहर अंधकार में डूब गया.
ओह! यह क्या?
बिजली चली गयी.
परीक्षाएं नजदीक हैं. मैं पढ़ूंगा कैसे?
मरीज का ऑपरेशन कैसे होगा?
अस्पताल

बिजली के दफ़्तर में–
खर्र! खर्र!
ट्रिंग! ट्रिंगग!
शिकायतें
लाजपत नगर में बिजली नहीं है.
क्या यह ब्रेक डाउन है?
कब आयेगी?
सत्यानाश!
दूसरे दिन.
चाची! क्या आज खीर बना रही हो?
नहीं! रेफ्रिजिरेटर नहीं चला. सारा दूध खराब हो गया.
शहर में दूर दूर तक बिजली नहीं है. सूचना मिली है कि एक विशालकाय आदमी बिजली के खम्बों को गिरा रहा है.
विशालकाय आदमी?
साबू! लगता है राका वापस आ गया है और गुस्से में उसने कोहराम मचा दिया है. हमें उसे बड़े पेड़ के तने में बन्द करना होगा.

लेकिन उसे घने जंगल तक कैसे ले जायेंगे?
ले जायेंगे नहीं, वह खुद वहां आयेगा.
तुम वहां पहुंचो और राका के स्वागत के लिए तैयार रहो.
मैं उस निर्दयी राक्षस की तलाश में जाता हूं.
आगे जाने पर–
लोगों की भीड़ ने रास्ता रोक रखा है.
मारो!
पकड़ो!
देखूं, माजरा क्या है?

पुलिस सुपरिंटेंडेंट चाचा चौधरी को मिला.

उसने शहर के बिजली के सिस्टम को तहसनहस कर दिया है. कई पशु करंट लगने से मर गये हैं. उसे पकड़ना एक समस्या बन गया है.

कृपया मुझे उससे निपटने दीजिए.

चाचा चौधरी एक बड़ा पैकेट लाया.

राका! बिजली के खम्बों की तोड़फोड़ बन्द करो!

चाचा चौधरी? चूहे! जितनी पीड़ा तुमने मुझे दी है उतनी किसी ने नहीं दी. मैं तेरे टुकड़े करने आ रहा हूं.

तुम्हारे जूते पुराने और घिस गये हैं. मेरी तरफ से नये बूटों का उपहार स्वीकार करो. फिर चाहे मुझे मार डालना.

सचमुच मुझे अब अपने पुराने जूते बदल देने चाहिए. चौधरी! मुझे नये बूट पहनाओ.

नये बूट में राका ने पैर डाला.

आआईई!

वह दर्द से कराह उठा.

उसने नया बूट उतारकर फेंका तो अंदर से दर्जनों तेज नुकीले कील निकले जिन्होंने राका का पैर जख्मी कर दिया था.

चूहे ! मैं तुम्हारे टुकड़े करके चीलों को डाल दूंगा.
अगर तुम मुझे पकड़ पाए तब.
वह लंगड़ा रहा है. तेज भाग नहीं सकेगा.
शुक्र है, कार स्टार्ट हो गयी.
भागती कार पर राका ने भरपूर हाथ मारा.
गुस्से में आदमी विवेक खो बैठता है. वह मेरे पीछे आ रहा है. योजना कामयाब हो रही है.
एक ड्राइवर खाना खाकर ट्रक पर सवार हो रहा था.
जग्गा जमया ते मिलन वधाइयां, वड्डा होके डाके मारदा...
शेरे पंजाब ढाबा
अगर तुम अपनी जान की खैरियत चाहते हो तो जैसा कहा जाये वैसा करो.
?
उस भागती हुई कार का पीछा करो! उसमें मेरा दुश्मन है.
ट्रक की स्पीड बढ़ाओ!
तेज!...और तेज!!
जब तक मेरा कुल्हाड़ा उसको चीरफाड़ न दे तब तक मुझे चैन नहीं मिलेगा.

ओह ह! सब्जी वाला सड़क पार कर रहा है. ब्रेक दबानी होगी

बैंगन! आलू! लौकी! टमाटर!

उधर तुमने ब्रेक दबाई, इधर मैंने तुम्हारा गला! ---

धड़ाक!

आगे जाने पर–

वह कार खड़ी करके जंगल में घुस गया है.

गुस्से से उबलते हुए राका ने जंगल के पेड़ों को तिनको जैसे काट दिये.

ठोकर लगी और चाचा-चौधरी गिर पड़ा.

ओह!

तुम्हारी सारी चालाकियां यहां खत्म होती हैं. तुम इसी क्षण मरने जा रहे हो!

हू-हूबा!

इंतजार में बैठा साबू पेड़ से कूदा–

ओह ह!
तुम? ठीक है पहले मैं सांड को मारूंगा फिर चूहे को कुचलूंगा.
राका ने बिजली की चमक की तरह कुल्हाड़ा चलाया. साबू फुर्ती से एक तरफ हट गया.
यह बहुत तेजी से वार करता है
© PRAN'S FEATURES

इससे पहले कि वह सम्भल पाता, राका ने सांप की जीभ जैसी फुर्ती से दोबारा वार किया.
आवव!
फिर तीसरा वार इस बार तेज कुल्हाड़ा साबू के चेहरे को जख्मी करता हुआ पेड़ में गढ़ गया.
तीव्र पीड़ा ने साबू के गुस्से की आग पर घी डाल दिया.
जब साबू को गुस्सा आता है तो दूर कहीं ज्वालामुखी फटता है
आऊऊऊ!

कड़ड़ाक
यह क्या करते हो? मुझे छोड़ो! मुझे छोड़ो!
साबू! इस जंगली खूंख्वार जानवर को इस बड़े बोरे में डालो!
साबू ने जब राका को फैंका तो वह गुरु सामबोध द्वारा बनाये गये मजबूत बोरे में चला गया.
थपाक!

मुझे बंद मत करो! मुझे बंद मत करो!!
साबू ने बोरे को उठाया.
काफी भारी है.
इसको इस छेद में डाल दो.
पेड़ के खोखले तने में इस बोरे को समेट लेने की क्षमता है.
इस छेद द्वारा वह जमीन के नीचे जड़ों तक चला जायेगा.

साबू ने एक बड़ा लकड़ी का टुकड़ा उठाया.
इस छेद को बंद करने में यह कार्क का काम करेगा.
राका अंदर उछल-कूद मचा रहा है। लेकिन अब वह बाहर नहीं आ सकता.
धड़प!
गम्फ! धम्फ!
आओ चलें, तुम्हारी चाची खाने पर हमारा इंतजार कर रही होगी.

नववर्ष का उपहार
डायमण्ड वीडियो कॉमिक्स
डायमण्ड कॉमिक्स
वीडियो कैसेट में
डायमण्ड कॉमिक्स
राजन इकबाल और छाते का रहस्य
डायमण्ड कॉमिक्स वीडियो कैसेट
डायमण्ड कॉमिक्स
मोटू छोटू और लॉटरी का टिकट
डायमण्ड कॉमिक्स वीडियो कैसेट
डायमण्ड कॉमिक्स
ताऊजी और जादूगरनी गुड़िया
डायमण्ड कॉमिक्स वीडियो कैसेट
ऐक्शन-थ्रिल-जादू और रोमांच से भरपूर
हर माह 60 मिनट का पूरा वीडियो सिनेमा
जिसे आप नियमित अपने टी.वी. स्क्रीन पर देख सकेंगे।
सम्पर्क करें :
डायमण्ड वीडियो विज़न, K-45, जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110014
Marketed by :
VANDANA VIDEO VISION 28/36, Old Rajinder Nagar, New Delhi
Sole Advertisement Rights :
UMANG AUDIO VOICE ADVERTISERS (P) LTD.,

Presented by @sdch_club

Join us on telegram

t.me/comics_hindi

t.me/raj_comics_unofficial

t.me/tvseries_4u

t.me/video_short

t.me/joinchat/HOrD4ojPhi9YCoZU

t.me/joinchat/AAAAAFQGITMkD8puJ1QKrw